I


राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR


संख्या–न0नि0 50–02/2022..........3567

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना।
प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना।
सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– 04.09.2022

**विषय :– नगरपालिका निर्वाचन, 2022 हेतु नियुक्त निर्वाची पदाधिकारी/सहायक निर्वाची पदाधिकारी के स्थानांतरण/पदस्थापन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में कहना है कि नगरपालिका निर्वाचन, 2022 हेतु आयोग के पत्रांक–2527 दिनांक–30.06.2022 द्वारा बिहार नगरपालिका अधिनियम की धारा–443(3) के तहत निर्वाची पदाधिकारी एवं धारा–443(4) के तहत सहायक निर्वाची पदाधिकारी के नियुक्ति हेतु संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–जिला पदाधिकारी को प्राधिकृत किया गया है।

ध्यातव्य हो कि नगरपालिका निर्वाचन के लिए उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, वरीय उपसमाहर्त्ता के पदाधिकारी निर्वाची पदाधिकारी के रूप में तथा सामान्यतः अंचलाधिकारी/राजस्व पदाधिकारी/ग्रामीण विकास पदाधिकारी–सह–प्रखंड विकास पदाधिकारी सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किये जाते हैं।

अतएव निदेशानुसार अनुरोध है कि नगरपालिका आम निर्वाचन, 2022 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी कराये जाने के लिए एक ही जिला में विगत 03 वर्षों से पदस्थापित/गृह जिला में पदस्थापित पदाधिकारियों का स्थानांतरण इनके गृह जिला को छोड़कर किसी अन्य जिला में करना सुनिश्चित की जाए। तीन वर्ष की अवधि की गणना हेतु Cut off Date 31.08.2022 होगी। तीन वर्ष की अवधि में किसी पदाधिकारी के प्रोबेशन की अवधि की गणना नहीं की जायेगी।

साथ ही वैसे पदाधिकारी जिन्हें पूर्व में निर्वाचन संबंधी कार्य में आरोपित/हटाये गये हैं, को भी निर्वाचन कार्य से मुक्त किये जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाए।

विश्वासभाजन

03/09/22

सचिव।

ज्ञाप संख्या– न0नि0 50–02/2022..........3567 पटना, दिनांक 04.09.2022

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

03/09/22

सचिव।

ज्ञाप संख्या– न0नि0 50–02/2022..........3567 पटना, दिनांक 04.09.2022

प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

03/09/22

सचिव।